pan>

Title: Need to rehabilitate the living in Bilaspur railway junction in Chattisgarh.

श्री लखन लाल साहू (बिलासपुर): धन्यवाद सभापति महोदय।

महोदय, मैं बिलासपुर, छत्तीसगढ़ से निर्वाचित होकर आया हूं। बिलासपुर दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे जोन मुख्यालय है, साथ ही वहां रेलवे का बहुत बड़ा जंक्शन है। मैं कहना चाहूंगा कि पशु-पक्षी को भी पानी और छाया की जगह दी जाती है, परन्तु रेलवे विभाग के द्वारा सन् 1890 में वहां रहने के लिए जमीन पिछड़ी जाति-समाज के लोगों को दी गयी थी। इनमें डोमार, महतर, स्वीपर आदि लोग रहते हैं जो अनुसूचित जाति वर्ग से आते हैं और लगभग ये सभी लोग रेलवे विभाग में ही सफाई का काम करते हैं। इनको वहां से हटाने के लिए बार-बार नोटिस दिया जा रहा है और यह कहा जा रहा है कि आप वहां अवैध रूप से रह रहे हैं। जबकि जिस समय रेलवे के द्वारा भूमि अधिग्रहित की गयी, उस समय उनको रहने के लिए वह जमीन दी गयी थी। महात्मा गांधी जी के नाम पर वहां बापू उपनगर बसाया गया था, उसी क्षेत्र में ये लोग निवासरत हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि यदि इन लोगों को वहां से हटा दिया जाएगा तो वे बेघर हो जाएंगे, वे लोग घर बनाने की स्थिति में नहीं हैं, क्योंकि उनकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है। साथ ही, सामाजिक परिवेश के कारण उन लोगों को वहां किराए पर भी मकान नहीं मिलता है।

इसलिए रेलवे विभाग से मेरा निवेदन है कि इनके लिए समुचित व्यवस्था करके ही वहां से हटाया जाए ताकि ये गरीब परिवार, अनुसूचित जाति के लोग सरकार द्वारा दिए जाने वाले आवासों में व्यवस्थित ढंग से रह सकें।

आपने मुझे बोलने के लिए अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

HON. CHAIRPERSON: The House stands adjourned to meet again on Monday, the 11th May, 2015 at 11.00 a.m.

G181

18.52 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Monday, May 11, 2015/Vaisakha 21, 1937 (Saka).

---

* ण्ड्ढ म्श्द अ ड्ढद्वत्ड्ढड्ड ड्डडद्दध्ड्ढ ण्ड्ढ दड्ढड्ढ द्दढ ड्ढ ग्ड्ढश्ड्ड्ढद्ध त्दड्डत्हड्ढय्ड्ढद्म् ण्ड्ढद्य् ण्ड्ढ द्र्वड्ढद्य्त्द्दद ड्ढद्म् ड्डहय्द्वड्ढथ्न् ड्डत्ड्ढड्ड द्दद ण्ड्ढ ढथ्द्दद्ध द्दढ ण्ड्ढ Hद्दद्वम्ड्ढ डन् ण्ड्ढद्य् ग्ड्ढश्ड्ड्ढद्ध.

* रुद्यद्धद्दड्डद्वहड्ढड्ड द्र्य्ण् ण्ड्ढ द्धड्ढहद्दड्ढदड्डड्ढय्त्द्दद द्दढ ण्ड्ढ घ्द्धड्ढत्ड्डड्ढदद्य्.

* ग़्द्दद्य् द्धड्ढहद्दद्धड्डड्ढड्ड.

* ग़्द्दद्य् द्धड्ढहद्दद्धड्डड्ढड्ड.

* ग़्द्दद्य् द्धड्ढहद्दद्धड्डड्ढड्ड.

* ग़्द्दद्य् द्धड्ढहद्दद्धड्डड्ढड्ड ड्ढम् द्दद्धड्डड्ढद्धड्ढड्ड डन् ण्ड्ढ ण्ड्ढत्द्ध.

* ग़्द्दद्य् द्धड्ढहद्दद्धड्डड्ढड्ड.

* ग़्द्दद्य् द्धड्ढहद्दद्धड्डड्ढड्ड.

* Eदथ्त्द्र्ण् य्द्धड्ढदथ्ड्ढय्त्द्दद द्दढ ण्ड्ढ म्द्रड्ढड्ढहण् द्दद्धश्त्दड्ढथ्न् ड्डड्ढथ्त्ध्ड्ढद्धड्ढड्ड त्द ड्ढर्त्थ्

* Eदथ्त्द्र्ण् य्द्धड्ढदथ्ड्ढय्त्द्दद द्दढ ण्ड्ढ म्द्रड्ढड्ढहण् द्दद्धश्त्दड्ढथ्न् ड्डड्ढथ्त्ध्ड्ढद्धड्ढड्ड त्द ड्ढर्त्थ्